आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 04.07.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टी–20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम से मुलाकात की।
- उत्तराखण्ड में आकांक्षी जिला व आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम के तहत आज से संपूर्णता अभियान शुरू।
- बदरीनाथ धाम में बिखरे प्लास्टिक के कूड़े को बेचकर नगर पंचायत ने ढाई लाख रुपए से अधिक की आय अर्जित की।
- राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज तीसरे दिन भी बारिश का दौर जारी। कुमाऊ क्षेत्र में अगले दो दिन भारी बारिश का रेड अलर्ट।

मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में अपने आवास पर टी–20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम से मुलाकात की। बैठक में कप्तान रोहित शर्मा, कोच राहुल द्रविड़, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, सूर्य कुमार यादव और जसप्रीत बुमराह सहित कई खिलाड़ी मौजूद थे। प्रधानमंत्री से खिलाड़ियों ने बातचीत की और उन्होंने अपने अनुभव साझा किये। आज सुबह नई दिल्ली पहुंचने पर भारतीय क्रिकेट टीम का भव्य स्वागत किया गया।

इसके बाद, क्रिकेट टीम शाम के समय मुम्बई में आयोजित विजय परेड में शामिल हुई। टीम का विजयी जुलूस मुंबई मे मरीन ड्राइव पर एन. सी. पी. ए. से वानखेड़े स्टेडियम तक निकाला गया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन परंपरा के अनुसार टी–20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम के लिए मुंबई में भव्य आयोजन किया।

संपूर्णता अभियान– 01

उत्तराखण्ड में आकांक्षी जिला और आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम के तहत आज से संपूर्णता अभियान शुरू हो गया है। राज्य के हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर ज़िले को आकांक्षीय जिला, जबकि प्रदेश के छह विकासखण्ड, आकांक्षी ब्लॉक के तौर पर चुने गए हैं।

ऊधमसिंह नगर जिले में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में लोगों को मूलभूत सुविधाओं की कमी है जिसको केंद्र और राज्य सरकार ने लक्षित करते हुए कुछ सूचकांक निर्धारित किए हैं। आगामी तीन माह में इन सूचकांकों में शत प्रतिशत प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि जिला प्रशासन इस लक्ष्य को समय से पूरा कर लेगा।

स्थानीय महिला नीमा पांडे ने बताया कि नीति आयोग द्वारा चलाए गए इस कार्यक्रम से पहले टीकाकरण के लिए बच्चों और महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब बहुत सी सुविधाएं ग्राम स्तर पर ही उपलब्ध हो रही हैं।

संपूर्णता अभियान– 02

नीति आयोग की ओर से उत्तरकाशी जिले के आकांक्षी विकासखंड मोरी में भी सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों के तहत चल रही योजनाओं के बारे में पात्र वयक्तियों को लाभान्वित करने के संबंध में जानकारी दी गई।

गौरतलब है कि संपूर्णता अभियान के तहत जिला और ब्लॉक स्तर पर अलग–अलग छह संकेतकों की अवधारणा की गई है, जिनकी संतृप्ति प्राप्त करने के लिए सम्पूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। संपूर्णता अभियान 30 सितंबर तक जारी रहेगा।
जिला स्तर पर यह संकेतकांक स्वास्थ्य व पोषण, कृषि और शिक्षा से संबंधित हैं। विकासखण्ड स्तर पर स्वास्थ्य, पोषण, कृषि और सामाजिक विकास से संबंधित संकेतको की शत प्रतिशत संतृप्तता का प्रयास किया जाएगा।

कृषि संस्थान

विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा ने आज अपना 101वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक पद्म भूषण प्रोफेसर बोशी सेन की स्मृति में स्मारक व्याख्यान आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि नीति आयोग के सदस्य रमेश चन्द ने पंतनगर से वर्चुअल समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर संस्थान की तकनीकी, कृषि, अन्न प्रदर्शनी तथा काश्तकारों द्वारा फल और सब्जी की प्रदर्शनी लगाई गई। संस्थान द्वारा समारोह में कृषि वैज्ञानिकों व काश्तकारों को सम्मानित भी किया गया।

बदरीनाथ प्लास्टिक

बदरीनाथ धाम में प्लास्टिक के कूड़े को नगर पंचायत प्रशासन ने आय का बेहतर संसाधन बना लिया है। इस वर्ष अब तक नगर पंचायत ने धाम में बिखरे प्लास्टिक कचरे की बिक्री कर 2 लाख 61 हजार 500 रुपये की आय अर्जित की है। बदरीनाथ नगर पंचायत की ओर से मुख्य नगर क्षेत्र में 45 तथा मंदिर परिसर में 22 पर्यावरण मित्रों की तैनाती की गई है। इसके अलावा नगर से निकलने वाले कचरे के कॉम्पेक्टिंग, कम्पोस्टिंग और गीला–सूखा कूड़ा अलग–अलग करने के लिए 15 कर्मचारियों की तैनाती की है। अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित ने बताया कि यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक बदरीनाथ धाम से 31 टन कचरे का निस्तारण किया जा चुका है।

मौसम

उत्तराखण्ड के विभिन्न हिस्सों में आज तीसरे दिन भी बारिश का सिलसिला जारी है। राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के कईं हिस्सों में हल्की से मध्यम और कहीं–कहीं मूसलाधार बारिश की ख़बर है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले एक सप्ताह में राज्य में औसत से अधिक बारिश हुई है।
वहीं, पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं–कहीं भारी बारिश के कारण भूस्खलन होने से अभी भी पचास से ज्यादा सड़क मार्गों पर आवाजाही अवरूद्ध है। इन सभी मार्गों को खोलने के लिए मशीनरी मौके पर तैनात है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग बारिश और भूस्खलन के कारण लामबगड़ के पास बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए अवरूद्ध हो गया है। सड़क मार्ग को खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं।
इस बीच, मौसम विभाग ने कल राज्य के कुमाऊं क्षेत्र में कहीं–कहीं बहुत भारी से अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। साथ ही गढ़वाल क्षेत्र में देहरादून, पौड़ी, टिहरी और हरिद्वार में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट और राज्य के अन्य हिस्सों में भी भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

बदरीनाथ उपचुनाव

बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव की मतगणना के लिए आज कार्मिकों का पहला रेंडमाइजेशन किया गया। यह प्रक्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में की गई। उपचुनाव की मतगणना 13 जुलाई को होनी है। मतगणना के लिए 14 टेबल लगाई जाएंगी। पहले रेंडमाइजेशन में रिजर्व सहित 17 मतगणना सुपरवाइजर, 18 मतगणना सहायक और 22 माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए गए। इसी तरह पोस्टल बैलेट की गणना के 7 टेबल लगाई जाएंगी। पोस्टल बैलेट के लिए रिजर्व सहित 9 मतगणना सुपरवाइजर, 17 मतगणना सहायक और 9 माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं। मतगणना के लिए 6 जुलाई को सभी कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। दूसरे रेंडमाइजेशन में कार्मिकों की टीम बनाई जाएगी और तीसरे रेंडमाइजेशन में कार्मिकों को टेबल आवंटित की जाएंगी।

शैक्षिक सत्र

उत्तराखंड शिक्षा विभाग वर्तमान शैक्षिक सत्र को विद्यार्थी वर्ष के रूप में मनाने जा रहा है। विद्यालयी शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने बताया कि शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत की ओर से इस संबंध में दिशा निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षा के सशक्तीकरण के लिए विशेष प्रयास किया जाएगा। इसके तहत स्कूलों में तीन हजार से ज्यादा शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। अब स्कूलों में संसाधनों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। शिक्षकों के अंतरमंडलीय तबादले, तबादला प्रक्रिया में काउंसलिंग, अटल स्कूलों में तैनातियां, डायट में पदस्थापना समेत कई मांगों पर सरकार कार्य कर चुकी है। महानिदेशक के ने बताया कि यात्रावकाश की बहाली के लिए प्रस्ताव मांग लिया गया है।

पुलिस सतर्कता

उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई घटना के बाद उत्तराखंड पुलिस ने विशेष सतर्कता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी जिलों को मानक संचालन प्रक्रिया– एस. ओ.पी बनाने के निर्देश दिए गये हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक करन सिंह नगन्याल ने बताया कि इन एसओपी के आधार पर पुलिस मुख्यालय पूरे राज्य के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि एनओसी से पूर्व कार्यक्रम स्थल की अच्छी तरह से जांच के लिए सभी थानेदारों को ब्रीफ किया जाएगा। श्री नगन्याल ने बताया कि जिलों में हर साल होने वाले सभी मेले, त्योहारों और अन्य अवसरों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का वार्षिक कैलेंडर तैयार कर उसके अनुरूप समय से आवश्यक पुलिस प्रबंधन करने के भी निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बिना अनुमति के आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के आयोजकों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।